# HINDI

***(Three hours)***

*(Candidates are allowed additional 15 minutes for only reading the paper.*
*They must NOT start writing during this time.)*

---

*Answer questions **1, 2** and **3** in Section **A** and **four** other questions from Section **B** on **at least three** of the prescribed textbooks.*

*The intended marks for questions or parts of questions are given in brackets [ ].*

---

## SECTION A

## LANGUAGE - 50 Marks

**Question 1**

Write a composition in approximately 400 words in Hindi on **any ONE** of the topics given below: **[20]**

किसी एक विषय पर निबंध लिखें जो 400 शब्दों से कम न हो:

(i) नारी : माँ, बहन, पत्नी तथा बेटी हर रूप में आदरणीय हैं । – विवेचन कीजिए।

(ii) किसी ऐसे चलचित्र का वर्णन कीजिए जिसे अपने परिवार के साथ देखा । उस चलचित्र के निर्देशन, संगीत निर्देशन, कहानी तथा कहानी से मिलने वाली शिक्षा का वर्णन करते हुए बताए कि वह चलचित्र आपको किस कारण से बहुत अच्छा लगा ।

(iii) बाढ़ एक प्राकृतिक आपदा है जो विनाश कर डालती है । इस विषय पर एक प्रस्ताव लखिए ।

(iv) विश्व को भारत का योगदान ।

(v) तकनीकी विकास ने मानव को सुविधाओं का दास बना दिया है । –पक्ष या विपक्ष में अपने विचार लिखिए ।

(vi) निम्नलिखित में से किसी एक पर मौलिक कहानी लिखिए :

(a) बाजार में बहुत भीड़ देखकर मैं परेशान हो गया ।

(b) एक ऐसी मौलिक कहानी लिखिए जिसका अन्तिम वाक्य हो – इस तरह मैं बच गया।

---



© *Copyright reserved.*

**Question 2**

Read the passage given below carefully and answer in Hindi the questions that follow, using your own words:

निम्नलिखित अवतरण को पढ़कर अन्त में दिए गए प्रश्नों के अपने शब्दा में उत्तर लिखिए:

महाभारत का युद्ध जारी था । भीष्म और द्रोणाचार्य का वध हो चुका था और सेनाध्यक्ष पद की बागडोर दुर्योघन ने कर्ण को सौंपी थी । उसके रणकौशल के सामने पाण्डव–सेना के छक्के छूटने लगे । स्वयं अर्जुन भी हतोत्साहित हो गया था किन्तु कर्ण का दुर्भाग्य कहिए या परशुराम का श्राप, कर्ण के रथ का पहिया कीचड़ में धँस गया । यह देख कर्ण तत्काल रथ से कुदा और उसे निकालने की कोशिश करने लगा ।

श्रीकृष्ण ने कर्ण की यह स्थिति देख अर्जुन को उस पर बाणवर्षा करने का इशारा किया । अर्जुन ने श्रीकृष्ण के निर्देशों का पालन किया , जिससे कर्ण बाणों के आघात को सहन न कर सका । वह अर्जुन से बोला, महाधनुर्धर, थोड़ी देर रुक जाओ । क्या तुम्हें दिखाई नही देता कि मेरा घ्यान रथ का पहिया निकालने में जुटा हुआ है? क्या तुम नही जानते कि जो योद्धा रथविहीन हो, जिसके शस्त्र नष्ट हो गये हो या जो निहत्था हो, युद्ध रोकने की प्रार्थना कर रहा हो, ऐसे योद्धा पर धर्मयुद्ध के ज्ञाता और शूरवीर शस्त्र प्रहार नही करते, इसलिये महाबाहो । जब तक मैं इस पहिये को न निकाल लूँ , मुझ पर प्रहार न करो, क्योंकि यह धर्म के अनुकूल नहीं होगा ।

कर्ण द्वारा अर्जुन को दिया गया यह उपदेश श्रीकृष्ण को शूल की तरह चुभा । वे कर्ण से बोले, “बड़े आश्चर्य की बात है कि आज धर्म याद आ रहा है । सच है कि जब नीच मनुष्य विपत्ति में पड़ता है, तो उसे अपने कुकर्मों की याद तो नही आती, मगर दूसरों को धर्मोपदेश देने का विचार अवश्य आता है । उचित होता, यदि तुमने अपने धूर्त कर्मों और पापों का विचार किया होता। हे महावीर कर्ण ! जब दुर्योधन के साथ मिलकर तुमने पाण्डवों के लिए लाक्ष्यगृह बनवाया, भीम को खत्म करने के इरादे से विष दिलवाया, तेरह वर्ष की अवधि समाप्त होने के बाद भी पाण्डवों को राज्य नही दिया, द्रौपदी का चीरहरण करवाया, निहत्थे अभिमन्यु को तुम्हारे समेत सात महारथियों ने मारा, तब तुम्हारा धर्मज्ञान कहाँ गया था, क्या तुम्हें तब धर्मपालन की विस्मृति हो गयी थी?”

**कर्ण** से इसका उत्तर देते न बना। वह अर्जुन की बाणवर्षा के सामने टिक न सका और धराशायी हो गया।

**प्रश्न :–**

(i) भीष्म और द्रोणाचार्य की मृत्यु के बाद दुर्योधन ने सेनाध्यक्ष की बागडोर किसे सौंपी और क्यों ? **[4]**

(ii) युद्ध के मैदान में कर्ण के साथ क्या घटना घटित हुई ? **[4]**

(iii) लगातार बाणवर्षा के आघात को सहन न कर सकने पर कर्ण ने अर्जुन को रोकते हुए क्या कहा ? **[4]**

(iv) कर्ण की उपदेश भरी बातों को सुनकार श्रीकृष्ण ने क्या जवाब दिया ? **[4]**

(v) प्रस्तुत गद्यांश को पढ़कर आपको क्या शिक्षा मिलती है ? समझाकर लिखिए । **[4]**

## Question 3

**(a)** Correct the following sentences and rewrite: **[5]**

निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध करके लिखिए।

(i) गर्म गाय का दूध स्वास्थ्यवर्धक होता है ।

(ii) कृप्या मेरे पत्र पर ध्यान देने की कृपा करें ।

(iii) प्रत्येक व्यक्तियों का यह कर्त्तव्य है ।

(iv) बच्चा दूध को रो रहा है ।

(v) मैंने उसे हज़ार रुपया दिया ।

**(b)** Use the following idioms in sentences of your own to illustrate their meaning: **[5]**

निम्नलिखित मुहावरों का वाक्य में प्रयोग करं।

(i) आँखों में खटकना ।

(ii) रोड़ा अटकाना ।

(iii) नाक में दम करना ।

(iv) थाली का बैंगन होना ।

(v) एड़ी–चोटी का ज़ोर लगाना।

## SECTION B
## PRESCRIBED TEXTBOOKS - 50 Marks

*Answer **four** questions from this Section on at least **three** of the prescribed textbooks.*

### गद्य संकलन (Gadya Sanklan)

## Question 4

"बुद्धि की मंदता पर टीका – टिप्पणी करने का अधिकार पा गई ।"

(i) उक्त कथन किसके लिये कहा गया हैं ? उनका परिचय दें ? **[1½]**

(ii) भक्तिन अपना नाम लोगों से क्यों छुपाती थी । **[3]**

(iii) भाक्तिन को यह नाम किसने और क्यों दिया था? **[3]**

(iv) भक्तिन के आ जाने से महादेवी अधिक देहाती कैसे हो गई ? **[5]**

**Question 5**

'कालबली के सामने मनुष्य का कोई बस नहीं चलता' 'पुत्र प्रेम' कहानी के आधार पर बताइए,, पिता द्वारा पुत्र को बचाने का उपाय और पुत्र द्वारा पिता को बचाने के उपायों में किसका त्याग बड़ा था? किसके मन में शान्ति थी और किसलिए? समझााकर लिखिए । **[12½]**

**Question 6**

शरणागत कहानी से आपको क्या शिक्षायें मिलती हैं ? बुन्देला शरणागत के साथ कैसा व्यवहार करता है – कहानी के आधार पर स्पष्ट करें । **[12½]**

## काव्य मंजरी (Kavya Manjari)

**Question 7**

मैया मोहि दाऊ बहुत खिझायौ ।
मौं सो कहत मोल को लीन्हो, तू जसुमति कब जायो ।
कहा करौं इहि रिस के मारे , खेलन हौं नहिं जात ।
पुनि – पुनि कहत कौन है माता, को है तेरौ तात ।

(i) प्रस्तुत पधांश में कृष्ण किस की शिकायत माँ से कर रहे हैं ? **[1½]**

(ii) सूर की भक्ति का परिचय दीजिये । **[3]**

(iii) कहा करौं इहि रिस के मारे, खेलन हौं नहिं जात पंक्ति का अर्थ स्पष्ट कीजिये ? **[3]**

(iv) 'सूरदास' ने अपने काव्य में कृष्ण की बाल लीलाओं का सजीव वर्णन किया है, उदाहरण सहित लिखिए । **[5]**

**Question 8**

आः धरती कितना देती है – कविता के आधार पर बताइए कि पैसों के अंकुर न फूटने पर कवि को क्या अहसास हुआ तथा सेम की फलती –फूलती बेलों को देखकर धरती माता के प्रति उसकी क्या धारणा बनी? स्पष्ट करें **[12½]**

**Question 9**

"एक फूल की चाह" कविता की मूल संवेदना को व्यक्त करते हुए कविता का प्रतिपाद्य लिखिये । **[12½]**

-----------------------------------------------------------------------------------------------------------

## सारा आकाश (Saara Akash)

**Question 10**

"वैसे तुम्हारे बारे में ज्यादा बातें नहीं हुई ।
बस एकाध बार पूछा था – कितनी पढ़ाई और
रह गई है ? और इस समय प्रभा को ले
जाने से पढ़ाई का नुकसान तो नहीं होगा ?"

(i) वक्ता का नाम लिखते हुए उसका परिचय दीजिए । **[1½]**

(ii) यहाँ किसकी बात हो रही है, क्यों ? **[3]**

(iii) इस घटना में जाने की परंपरा को क्या कहा जाता है , स्पष्ट करें । **[3]**

(iv) प्रभा का चरित्र चित्रण करें । **[5]**

**Question 11**

'सारा आकाश' किस तरह का उपन्यास है ? इसमें किस प्रकार की उलझनों का चित्रण किया गया है ? **[12½]**

**Question 12**

समर आधुनिक युग के युवाओं का प्रतिनिधित्व किस प्रकार करता है ? नारी ही नारी के कष्टों का कारण है, उपन्यास के आधार पर समीक्षा करें। **[12½]**

## आषाढ़ का एक दिन (Aashad Ka Ek Din)

**Question 13**

"सोच रहा हूँ कि वह आषाढ़ का ऐसा ही दिन था । ऐसा ही दिन था । ऐसे ही घाटी में मेघ भरे थे और असमय अँधेरा हो गया था । मैंने घाटी में एक आहत हिरणशावक को देखा था और उठाकर यहाँ ले आया था। तुमने उसका उपचार किया था ।"

(i) उक्त कथन कौन किससे कब कह रहा है ? **[1½]**

(ii) असमय अंधेरा क्यों हो गया था ? नाटक का प्रारंभ किस घटना से होता है ? **[3]**

(iii) वक्ता का संक्षिप्त परिचय दें । **[3]**

(iv) नाटक का नाम कहाँ तक सार्थक है । **[5]**

**Question 14**

नाटक के आधार पर मल्लिका की मुख्य भूमिका पर प्रकाश डाले तथा उसका चरित्र चित्रण करें । **[12½]**

**Question 15**

विलोम के चोट खाकर लंगड़ाकर चलने की घटना का आप क्या कारण मानते हैं? उक्त चरित्र ने अपनी व्यथा–कथा कब और किससे किस संदर्भ में प्रकट की ? **[12½]**